फतेहगढ़ पुलिस

प्रेस नोट – कोतवाली कायमगंज

दिनांक 20.04.2026

कोतवाली कायमगंज पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से सम्बन्धित प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों को चोरी के माल सहित किया गया गिरफ्तार।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री हरीश चन्दर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कायमगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 105/2026 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस बनाम अज्ञात से सम्बन्धित प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों को मुखबिर की सूचना पर चोरी किये गये माल सहित गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त गण का नाम व पता:-

01. सौरभ उर्फ अंशु पुत्र अनुज गंगवार निवासी साईं मन्दिर के पास पटवन गली कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ।

02. कार्तिक गंगवार पुत्र अजय निवासी साईं मन्दिर के पास पटवन गली कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ।

घटना का संक्षिप्त विवरण:- दिनांक 17.04.2026 को वादी श्री बृजेश शर्मा निवासी पटवन गली साई मन्दिर कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ ने अपने घर में चोरी होने के संबंध मे लिखित तहरीर दी थी प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली कायमगंज मे मु0अ0सं0 105/2026 धारा 331(4)/305 बीएनएस बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया था। विवेचना के क्रम में मुखबिर खास की सूचना पर कोतवाली कायमगंज पुलिस द्वारा प्रकाश में आये 02 अभियुक्तों 01.सौरभ उर्फ अंशु उपरोक्त व 02.कार्तिक गंगवार उपरोक्त को चोरी के माल सहित गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ का विवरण – अभियुक्तगण ने पूछताछ करने पर बताया कि हमें जानकारी हुई थी कि बृजेशचन्द्र शर्मा अपने पूरे परिवार के साथ कही पार्टी में जा रहे हैं। इसी मौके का फायदा उठाकर हम दोनों ने रात्रि के समय बृजेशचन्द्र शर्मा के मकान में छत पर लगे चैनल से अन्दर जाकर चोरी की थी और चोरी किये गये समान को हम दोनों ने आपस में बांट लिया था और बेचने के लिये जा रहे थे कि आपने हम दोनों को पकड़ लिया । साहब हम लोगों को रूपयों की बहुत जरूरत थी। साहब हमसे गलती हो गयी हमें माफ कर दो तथा शेष सफाई जरिए अधिवक्ता मा0 न्यायालय में देना बताया।

अभियुक्त सौरभ उर्फ अंशु उपरोक्त का आपराधिक इतिहास –

01. मु0अ0सं0 105/26 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ।

अभियुक्त कार्तिक उपरोक्त का आपराधिक इतिहास

01. मु0अ0सं0 105/26 धारा 331(4)/305/317(2) बीएनएस कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ।

बरामदगी का विवरण:-

1- 02 चैन पीली धातु
2- 03 पैण्डल पीली धातु
3- 07 अंगूठी पीली धातु
4- 02 मंगलशूत्र पीली धातु
5- 01 जोड़ी बाली कान की पीली धातु
6- 01 जोड़ी कुण्डल कान के पीली धातु
7- 12 जोड़ी पायल सफेद धातु
8- 05 सिक्के सफेद धातु
9- 04 जोड़ी बिछवा सफेद धातु
10- 01 चाबी दानी सफेद धातु
11- 02 आधार कार्ड
12- 35000/- रुपये

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली कोतवाली कायमगंज पुलिस टीम-

1. प्र0नि0 विनोद कुमार शुक्ल
2. उ0नि0 अंकुर भाटी
3. हे0का0 धर्मेन्द्र तिवारी
4. का0 विजय कुमार
5. का0 सचिन कुमार
6. का0 सुरेश कुमार

मीडिया सेल फतेहगढ़।